# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# ऊर्जा के तीन निगमों के 3500 से ज्यादा कार्मिकों की हड़ताल खत्म

**बैठक**

## कर्मचारियों ने मिनट्स प्राप्त होने तक हड़ताल पर अड़े रहने की बात कही

**संवाददाता**

देहरादून। ऊर्जा के तीन निगमों के 3500 से ज्यादा कार्मिकों की हड़ताल खत्म हो गई है। ऊर्जा मंत्री हरक सिंह रावत के साथ हुई बैठक सफल रही, जिसके बाद ऊर्जा मंत्री और कर्मचारी नेता इंसारुल हक ने हड़ताल समाप्त होने का एलान किया। हालांकि, कर्मचारियों ने मिनट्स प्राप्त होने तक हड़ताल पर अड़े रहने की बात कही है। आपको बता दें कि सोमवार मध्यरात्रि से हड़ताल पर चले गए। इससे मनेरी भाली और पछवादून की पांच जल विद्युत परियोजनाओं में उत्पादन ठप हो गया। इसके साथ ही कई जगहों पर बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। इसके बाद सर्वे चौक के निकट स्थित कौशल विकास भवन में ऊर्जा मंत्री हरक सिंह रावत और कर्मचारी नेताओं की वार्ता चली। वार्ता में ऊर्जा निगम के एमडी दीपक रावत भी मौजूद रहे।



एक ओर सरकार बिजली कर्मचारियों से वार्ता कर रही है वहीं दूसरी ओर सरकार ने उनकी हड़ताल पर रोक भी लगा दी है। थोड़ी देर में 2रू30 बजे सर्वे चौक के निकट स्किल डेवलपमेंट कार्यालय में ऊर्जा मंत्री हरक सिंह रावत हड़ताली कर्मियों से करेंगे वार्ता। इस दौरान एमडी दीपक रावत भी रहेंगे मौजूद।

कोटद्वार में सिडकुल के अधीन ग्रोथ सेंटर जशोधरपुर औद्योगिक आस्थान व बलभद्रपुर औद्योगिक आस्थान में मध्य रात्रि से विद्युत आपूर्ति बाधित है। विद्युत आपूर्ति न होने के कारण तीनों आस्थान क्षेत्रों में कामकाज पूरी तरह ठप है।

**चीला में जल विद्युत निगम के 200 कर्मचारी हड़ताल परः** शासन से वार्ता विफल होने के बाद उत्तराखंड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर चीला जल विद्युत निगम के 200 कर्मचारी हड़ताल पर हैं। उनका दावा है कि चीला में रात डेढ़ बजे से विद्युत उत्पादन ठप है। हड़ताली कर्मचारी कामकाज ठप कर निगम के गेट पर धरने में बैठे हैं।

**ऊर्जा निगम ऋषिकेश डिवीजन के सभी कर्मचारी अधिकारी हड़ताल परः** उत्तराखंड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर विद्युत वितरण खंड ऋषिकेश से जुड़े करीब 150 अधिकारी और कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल पर चले गए। विद्युत आपूर्ति पर हालांकि अब तक असर नहीं पड़ा है। मनेरी भाली प्रथम और द्वितीय जल विद्युत परियोजना में उत्पादन ठप कर दिया गया है। इससे राज्य सरकार को करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है। सुबह–सुबह बिजली गुल होने से स्थानीय खासे परेशान हो गए हैं।

## न्यूज डायरी

### पूर्व सैनिक से धोखाधड़ी करने वाले नाइजीरियन को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने देहरादून निवासी पूर्व सैनिक से 22 लाख 39 हजार रुपये की ठगी करने वाले नाइजीरियन को मुंबई से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि आरोपितों ने मोंगोगो वाइल्ड नट्स सीड खरीद के नाम पर तुनवाला रायपुर निवासी राकेश चंद्र बहुगुणा से 22.39 लाख रुपये ठग लिए थे। मंगलवार को गिरफ्तार नाइजीरियन का एक साथी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जो देहरादून जेल में है। आरोपित पहले फेसबुक पर विदेशी बनकर दोस्ती का प्रस्ताव भेजते थे। इसके बाद झांसे में लेकर लोगों को मोंगोगो वाइल्ड नट्स सीड व अन्य सामान खरीदकर उन्हें अधिक कीमत में विदेशी कंपनियों को बेचकर भारी मुनाफा कमाने का लालच देते थे।

### एक और प्रसव पीड़ित महिला ने रास्ते मे तोड़ दिया दम

**संवाददाता** पुरोला। विकासखंड पुरोला की एक और प्रसव पीड़ित महिला की गत सांय मौत हो गई। बसंतनगर निवासी प्रसव पीड़ित महिला को परिजन यहां सीएचसी पुरोला लाए जहां महिला ने जुड़वा मृत बालिकाओ को जन्म दिया। खून की कमी होने के कारण महिला को देहरादून 108 के माध्यम से भेजा गया था महिला ने नैनबाग समीप रास्ते मे दम तोड दिया। ग्राम पंचायत कंडियाल गांव के बसंतनगर निवासी नीतू पत्नी प्रकाश सेमवाल उम्र 32वर्ष को परिजन सोमवार रात्रि 9 बजे सीएचसी पुरोला लाए थे। जहां महिला ने मृत जुड़वा बालिकाओं को जन्म दिया। महिला में खून की कमी होने के कारण चिकित्सको ने रात्रि 11बजे उसे देहरादून रेफर किया। दून ले जाते समय नैनबाग के पास महिला ने दम तोड़ दिया।

### एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी भारतीय के लिए वेल्थक्रिएटर बनना चाहती है

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी के एमडी और सीईओ नवनीत मुणोत ने कहा है कि जैसे–जैसे देश अपनी विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है, ठीक उसी तरह एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी भी हर भारतीय नागरिक के लिए वेल्थ क्रिएटर बनने की आकांक्षा के साथ आगे बढ़ना चाहती है। शेयरध् ाारकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''भारतीयों के लिए वेल्थ क्रिएटर बनना हालांकि एक साहसिक प्रयास है, लेकिन इस तरह हम दुनिया में सबसे सम्मानित एसेट मैनेजर बनने की राह पर आगे खड़े होंगे।'' उन्होंने कहा, ''एचडीएफसी एएमसी में हम बेहतर नस्ल, लोगों, प्रक्रियाओं, उत्पादों, प्रदर्शन, उपस्थिति, साझेदारी और प्लेटफॉर्म के साथ अवसरों को भुनाने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।''

## जान हथेली पर रखकर आवजाही कर रहे हैं दारमा चौदास के ग्रामीण

**संवाददाता** पिथौरागढ़। धारचूला मे तवाघाट सोबला तिदाग मार्ग बद होने से उच्च हिमालयी दारमा के 13 गांव , तला दारमा के एक दर्जन से अधिक गांव और चौदास घाटी के भी एक दरजन गांव अलग–थलग पड़े हुए हैं। कंजयोति मे बहे पुल के स्थान पर नये पुल का निर्माण नहीं होने तक मार्ग के खुलने के आसार वर्तमान मे नहीं लग रहे है। काली नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। वही जौलजीवी मुसयारी मार्ग मैं कई स्थानों पर दलदल बने होने से इलाके में वाहनों के संचालन मे खासी दिककत आ रही हैं। दलदल मैं वाहनों के फँसने की जानकारी मिल रही हैं। आलम यह है कि दारमा चौदास के गरामीण जान हथेली



पर रखकर आवजाही करने को मजबूर हो रहे है। चीन सीमा को जोड़ने वाला तवाघाट सोबला दारमा मार्ग चालीस दिन से बंद चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अभी फिलहाल सीमात परवतीय इलाकों मैं मौसम खराब होने के और अधिक जानकारी मिल रही हैं।



## उन्नतशील प्रजाति के गन्ने की बुआई करें किसान

**संवाददाता** मंगलौर। गन्ना आयुक्त ने कहा कि जिले में ज्यादातर गन्ना किसान एक ही प्रजाति के गन्ने के उत्पादन पर अधिक जोर दे रहे हैं। यह भविष्य के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को विविध व उन्नतशील गन्ना प्रजातियों का बीज उपलब्ध कराया जाए। ताकि किसी एक प्रजाति में रोग आने पर किसान को अधिक नुकसान न उठाना पड़े। मंगलवार को गन्ना आयुक्त हंसादत्त पांडे ने लिब्बरहेडी गन्ना विकास परिषद, गन्ना विकास समिति के अलावा गाधारोना थीथकी कवायद पुर गांव में गन्ने के खेतों का निरीक्षण किया और बाद में अधिकारियों से साथ बैठक की।

# कोरोना याद्धाओं का असली सम्मान करना सीखे सरकार

■'आप प्रवक्ता के नेतृत्व में किया स्वास्थ्य संविदकर्मियों ने प्रदर्शन'
■स्वास्थ्य मंत्री के आशवासन के बाद टला आंदोलन'

**संवाददाता** 'देहरादून।' दून मेडिकल कॉलेज देहरादून में कोविड के दौरान संविदा पर रखे कर्मचारियों ने पटेलनगर नियर इंद्रेश हॉस्पिटल में आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद के नेतृत्व में प्रदर्शन कर मौके पर एक कार्यक्रम में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत का घेराव किया। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने उन्हें आशवासन दिया कि अब किसी को भी नौकरी से नहीं निकाला जाएगा।

गौरतलब है कि दून मेडिकल कॉलेज देहरादून में कोविड–19 आउट सोर्स से लोगों को रखा गया था परंतु आज उन्हें नोटिस दिया गया है कि आप 31 जुलाई के बाद पद से मुक्त हो जाएंगे। इसे लेकर सभी ने पटेल नगर नियर इंद्रेश हॉस्पिटल पहुंच कर रविंद्र सिंह आनंद के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। रविंद्र आनंद ने कहा कि सरकार की ओर से इस तरह का रवैया इन लोगों के प्रति बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब लोग कोविड में किसी के नजदीक जाने से भी परहेज कर रहे थे तब इन लोगों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए मरीजों को देखा और अब उनके साथ यदि सरकार ऐसा रवैया रखती है तो सही नहीं होगा। मौके पर कोरोना योद्धा सम्मान समारोह में पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत का भी सभी ने मिल कर घेराव किया और रविंद्र आनंद ने नेतृत्व में अपनी समस्या उनके समक्ष रखी। इस पर स्वास्थ्य मंत्री की ओर से उन्हें आशवासन दिया गया कि किसी को भी नौकरी से नहीं निकाला जाएगा। आश्वासन के पश्चात अभी धरना एवं प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है।

इस मौके पर प्रदर्शन करने वालों में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद, सरकल हेड मुकेश सिंह, वार्ड अध्यक्ष जितेंद्र बहल, वार्ड उपाध्यक्ष विशाल बंसल एवं पूनम, मोहिन, शशि रावत, प्रवीन, आशीश, महेंद्र, सौरभ, सुदेष, अनूप, प्रांजल, सोहन, फिरोज, मनीशा, गुंजन, सुशीला, विशाल आदि मौजूद थे।

## जीई रीन्यूएबल एनर्जी ने कुंडाह और टिहरी पम्पड हाइड्रो स्टोरेज पावर प्लांट्स में हासिल की उपलब्धियां

**संवाददाता** देहरादून। भारत में शीर्ष पायदान की कई हाइड्रो पावर परियोजनाओं के पार्टनर जीई रीन्यूएबल एनर्जी हाइड्रो सोल्यूशन्स ने घोषणा की है कि इसने टिहरी पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज (वेरिएबल स्पीड) और कुंडाह पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज (फिक्स्ड स्पीड) प्रोजेक्ट्स में उल्लेखनीय कार्य पूरे कर लिए हैं। टिहरी में 95 फीसदी डिलीवरी पूरी की जा चुकी है तथा सिविल एवं इलेक्ट्रो–मैकेनिकल इरेक्शन का काम पूरे जोर–शोर से चल रहा है। दोनों हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स में विद्युत उत्पादन के लिए जीई की हाइड्रो टरबाईन एवं पम्प्ड स्टोरेज टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा ताकि ग्रिड के लिए भरोसेमंद पावर को सुनिश्चित किया जा सके। उम्मीद है कि ये परियोजनाएं 2023 के अंत तक भारत के नेशनल ग्रिड में 1000 मेगावॉट (टिहरी साईट से) और 500 मेगावॉट (कुंडाह साईट से) बिजली का योगदान देंगी।